हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में स्वच्छता अभियान का आयोजन

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा आरम्भ किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है, जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोरंचना को साफ़ सुथरा करना है।

इसी कड़ी में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम बुधवार को सफाई अभियान का आयोजन किया जाता है। दिसम्बर माह के अंतिम बुधवार, दिनांक 26.12.2018 को सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शोधार्थियों ने भाग लिया। इस अभियान के अंतर्गत संस्थान के साथ लगते रास्तों की सफाई की गई तथा जंगल में फेंके गए कचरे को उठाया गया तथा निस्तारित होने वाले और प्लास्टिक के कचरे को एकत्रित कर वैज्ञानिक विधि द्वारा प्रवृत किया गया।